**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1924**
**06 दिसम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**कर्नाटक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का कार्यान्वयन**

**1924. श्री गोविन्द मकथप्पा कारजोल:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की शुरुआत से अब तक चित्रदुर्ग और तुमकुरू जिलों सहित कर्नाटक राज्य में इस मिशन के अंतर्गत आवंटित, स्वीकृत और उपयोग की गई निधियों का जिला-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की शुरुआत से अब तक चित्रदुर्ग और तुमकुरू जिलों सहित कर्नाटक राज्य में इस मिशन के अंतर्गत स्थापित किए गए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) का जिला-वार ब्यौरा क्या है.
(ग) क्या सरकार ने उक्त मिशन को सुदृढ़ बनाने तथा इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए और अधिक निधियां आवंटित करने हेतु कदम उठाए हैं/उठाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने कर्नाटक राज्य में एनएचएम के कार्यान्वयन और प्रगति का आकलन करने के लिए कदम उठाए हैं/उठाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ङ): समान, किफ़ायती और गुणवत्तापरक स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच प्राप्त करने के उद्देश्य से, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यान्वित कर रहा है। सरकार स्वास्थ्य अवसंरचना में सुधार, स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों के लिए पर्याप्त मानव संसाधनों की उपलब्धता, विशेष रूप से वंचित और हाशिए पर रहने वाले समूहों के लिए गुणवत्ता परक स्वास्थ्य परिचर्या की उपलब्धता और सुलभता में सुधार के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करती है। कर्नाटक राज्य के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत वित्त वर्ष 2013-14 से वित्त वर्ष 2024-25 तक जारी और उपयोग की गई धनराशि का विवरण इस प्रकार है:

(रु. करोड़ में)

| वित्त वर्ष | केंद्रीय निर्गत | व्यय |
|---|---|---|
| 2013-14 | 660.39 | 861.84 |
| 2014-15 | 803.86 | 964.80 |
| 2015-16 | 772.15 | 1173.31 |
| 2016-17 | 714.09 | 1291.49 |
| 2017-18 | 1,345.50 | 2,016.65 |
| 2018-19 | 1254.82 | 1942.61 |
| 2019-20 | 1173.77 | 2384.28 |
| 2020-21 | 1232.19 | 2320.37 |
| 2021-22 | 1274.71 | 2200.92 |
| 2022-23 | 1,246.67 | 2,376.94 |
| 2023-24 | 1,187.60 | 2,272.27 |
| 2024-25 | 661.70 | 550.36 |

नोट:

1. उपर्युक्त **निर्गत** केंद्र सरकार अनुदान से संबंधित हैं और इसमें राज्य का अंशदान शामिल नहीं है।
2. वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जारी राशि को 13.11.2024 तक अद्यतन किया जाता है और यह अनंतिम है।
3. व्यय में केंद्रीय निर्गत, राज्य निर्गत और वर्ष की शुरुआत में अव्ययित शेष राशि के सापेक्ष व्यय शामिल है। व्यय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा उपलब्ध वित्तीय प्रबंधन रिपोर्ट के अनुसार है और अनंतिम है। व्यय को 31.07.2024 तक अद्यतन किया गया है।

हेल्थ डाइनेमिक्स ऑफ इंडिया (बुनियादी ढांचा और मानव संसाधन) 2022-23 रिपोर्ट के अनुसार, एनएचएम के तहत कर्नाटक राज्य में कार्यरत जिलेवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) का विवरण अनुलग्नक- **I** में दिया गया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान बजट अनुमान (बीई) में 36,000.00 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में बजट अनुमान 29,085.26 करोड़ रुपये था।

एनएचएम के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ नियमित बातचीत की जाती है। एनएचएम के कार्यान्वयन और प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए विभिन्न प्रणालियां मौजूद हैं जैसे:

- एनपीसीसी बैठकों के दौरान पिछले वित्त वर्ष की कार्यवाही के रिकॉर्ड के प्रमुख वितरण की समीक्षा करना,

- राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में नियमित रूप से सामान्य समीक्षा मिशन आयोजित किए जाते हैं जिनमें वित्तीय प्रणालियों और कार्यक्रम के वास्तविक कार्यान्वयन को देखा जाता हैं,
- निधियों की निगरानी और प्रबंधन के लिए सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) का कार्यान्वयन करना,
- आगामी किस्तें वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के दिशानिर्देशों के अनुपालन के आधार पर ही निर्गत की जाती हैं
- राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा वित्तीय निगरानी रिपोर्ट (एफएमआर) प्रस्तुत करना।

इसके अलावा, कर्नाटक राज्य सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की प्रगति की निगरानी और मूल्यांकन समीक्षा बैठकों, वीडियो कॉन्फ्रेंस और वरिष्ठ अधिकारियों के क्षेत्र-दौरों के माध्यम से की जाती है।

अनुलग्नक

## कर्नाटक राज्य में एनएचएम के तहत कार्यरत जिला-वार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) का विवरण

| क्र.सं. | राज्य | जिले का नाम | (31 मार्च, 2023 तक) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कार्यात्मक की संख्या | | | |
| | | | पीएचसी | | सीएचसी | |
| | | | ग्रामीण | शहरी | ग्रामीण | शहरी |
| 1 | **कर्नाटक** | बागलकोट | 43 | 12 | 3 | 5 |
| | | बल्लारी | 30 | 9 | 4 | 2 |
| | | बेलगावी | 126 | 20 | 15 | 1 |
| | | बेंगलुरु ग्रामीण | 48 | 2 | 2 | 0 |
| | | बेंगलुरु शहरी | 36 | 167 | 3 | 8 |
| | | बीदर | 52 | 6 | 7 | 1 |
| | | चामराजनगर | 60 | 2 | 3 | 0 |
| | | चिक्कबल्लपुर | 57 | 4 | 2 | 0 |
| | | चिक्कामगलुरु | 89 | 2 | 4 | 1 |
| | | चित्रदुर्ग | 81 | 5 | 11 | 0 |
| | | दक्षिण कन्नड़ | 64 | 12 | 7 | 1 |
| | | दावणगेरे | 79 | 10 | 2 | 2 |
| | | धारवाड़ | 33 | 20 | 0 | 0 |
| | | गडग | 39 | 3 | 2 | 0 |
| | | हसन | 134 | 4 | 15 | 0 |
| | | हावेरी | 68 | 4 | 5 | 0 |
| | | कलबुर्गी | 87 | 15 | 16 | 0 |
| | | कोडागू | 29 | 1 | 7 | 0 |
| | | कोलार | 59 | 9 | 2 | 0 |
| | | कोप्पल | 44 | 4 | 5 | 4 |
| | | मंड्या | 113 | 3 | 10 | 0 |
| | | मैसूर | 119 | 28 | 7 | 3 |
| | | रायचूर | 50 | 7 | 6 | 0 |
| | | रामानगर | 61 | 4 | 4 | 0 |
| | | शिवमोगा | 97 | 10 | 7 | 0 |
| | | तुमकुरु | 142 | 8 | 4 | 0 |
| | | उडुपी | 62 | 2 | 6 | 0 |
| | | उत्तर कन्नड़ | 82 | 3 | 2 | 1 |
| | | विजयनगर | 47 | 7 | 6 | 1 |
| | | विजयपुरा | 60 | 6 | 9 | 0 |
| | | यादगीर | 41 | 3 | 6 | 0 |
| | | कुल जिले = 31 | **2132** | **392** | **182** | **30** |
| **डेटा स्रोत: भारत की स्वास्थ्य गतिशीलता (बुनियादी ढांचा और मानव संसाधन) 2022-23** | | | | | | |
| ***** | | | | | | |